# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085) / SET-B**

Class: VIII Duration : 3.00 Hrs
Date :12-03-2026 Max. Marks: 80
Admission No.: Roll No.:

---

सामान्य निर्देश :-

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड है के ख ग घ।
2 खंड क में अपठित गद्यांश से पूछे गए प्रश्न है।
3 खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं।
4 खंड ग पाठ्य पुस्तक पर आधारित है।
5 खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है।
6 यथासंभव सभी करो के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए
7 प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं,सभी प्रश्न अनिवार्य है।

---

## खंड क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1 निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

भोजन संबंधी भूलों में सबसे बड़ी भूल बिना भूख के भोजन करना है। बिना भूख के खाना अपने शरीर के साथ अपराध करना है । प्राय लोगों का यह विचार है कि अधिक खाने से शरीर हृष्ट-पुष्ट होता है और कम खाने से शरीर कमजोर हो जाता है। यह धारणा बिल्कुल गलत और स्वास्थ्य के नियमों का ज्ञान न होने की सूचक है। सभ्य समझी जाने वाली जातियों में यह प्रथा अधिक प्रचलित है। यही कारण है कि उनमें अपच का रोग बहुत अधिक होता है। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो भूख न लगने पर भी भोजन करता है, अन्य कोई प्राणी बिना तेज भूख लगे भोजन नहीं करते। कई सहस्त्र व्यक्ति भोजन केवल एक बार करते हैं। इस प्रकार के व्यक्ति केवल अभ्यास के कारण एक बार भोजन करते हैं और प्राय: उसे अपना कर्तव्य समझते हैं । भोजन को कभी कर्तव्य नहीं समझना चाहिए और न ही इसका अभ्यास डालना चाहिए। भोजन ऐसा होना चाहिए जो संतुलित हो, ताजा हो और शीघ्र पच जाने वाला हो। ऐसा भोजन करने से हम दीर्घायु स्वस्थ और तथा नीरोगी होते हैं।

1) बिना भूख खाना अपने शरीर के साथ अपराध क्यों है? (1 अंक)
क) इससे शरीर पुष्ट होता है ।
ख)इससे शरीर स्वस्थ बनता है।
ग) यह शरीर को लाभ की जगह हानि पहुँचाता है ।
घ )इससे बाद में भूख नहीं लगती है।

2) अपच का रोग किन में अधिक पाया जाता है? (1 अंक)
क) असभ्य जातियों में ख) सभ्य जातियों में
ग) गरीब लोगों में घ )परिश्रमी लोगों एवं मजदूरों में

3) 'बिना भूख के खाना, अपने शरीर के साथ अपराध करना है 'कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए (1 अंक)

1) लोगों की यह अवधारणा गलत है कि अधिक खाने से शरीर हष्टपुष्ट होता है और कम खाने से शरीर कमजोर हो जाता है ।

2 )कई सहस्त्र व्यक्ति भोजन केवल एक बार करते हैं एवं प्रयास इसे अपना कर्तव्य समझते हैं।

3 )भोजन को कभी भी कर्तव्य नहीं समझना चाहिए ।

4 )भोजन करने का अभ्यास करना चाहिए ।

विकल्प

क )कथन 1 सही है | ख) कथन 1 और 3 सही है

ग )कथन 2 और 3 सही है | घ )कथन 3 और 4 सही हैं

4) भोजन करने के संबंध में मनुष्य और पशुओं में क्या अंतर है? (2 अंक)

5) स्वास्थ्य के नियमों का ज्ञान न होने से लोग कौन सा गलत विचार बना लेते हैं? (2 अंक)

प्रश्न 2) निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

व्याकरण भाषा के मौखिक और लिखित दोनों ही रूपों का अध्ययन कराता है यद्यपि इस प्रकार के अध्ययन का क्षेत्र मौखिक भाषा ही रहती है, तथापि भाषा के लिखित रूप को भी अध्ययन का विषय बनाया जाता है। भाषा और लिपि के परस्पर संबंध से कभी-कभी यह भ्रान्ति भी फैल जाती है कि दोनों अभिन्न हैं। वस्तुतः भाषा लिपि के बिना भी रह सकती है। आदिम जातियों की कई भाषाएँ केवल मौखिक रूप से ही व्यवहार में हैं, उनके पास कोई लिपि नहीं है, पर लिपि भाषा के बिना नहीं रह सकती। किसी भी भाषा विशेष के लिए परंपरा के आधार पर एक विशेष लिपि रूढ़ हो जाती है, जैसे हिंदी के लिए देवनागरी लिपि। लिखित भाषा स्थाई होती है इसी के आधार पर मनुष्य की उन्नति और विकास यात्रा का भी ज्ञान होता है इसलिए भाषा को मानव की सांस्कृतिक चेतना की संवाहिका भी कहा जाता है। भाषा और समाज परस्पर अभिन्न माने जाते हैं क्योंकि भाषा के अभाव में समाज को समझाना संभव ही नहीं हो सकता है । समझ में परस्पर अभिव्यक्ति का साधन भाषा ही होती है।

1) व्याकरण निम्न में से किसका अध्ययन कर करता है ? (1 अंक)

क) लिखित भाषा | ख)मौखिक भाषा

ग) सांकेतिक भाषा | घ) क तथा ख दोनों

2) हिंदी भाषा की लिपि कौन सी है? (1 अंक)

क) रोमन | ख) गुरुमुखी

ग) देवनागरी | घ) फारसी

3) कथन( A) और कारण (R )को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। (1 अंक)

कथन (A) व्याकरण भाषा के मौखिक तथा लिखित दोनों रूपों का अध्ययन कराता है।

कारण ® हिंदी की लिपि देवनागरी है।

क) कथन A गलत है,किंतु कारण R सही है।

ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत हैं।

ग) कथन A सही है और कारण R कथन A कि सही व्याख्या करता है।

घ) कथन A सही है किंतु कारण R कथन A कि सही व्याख्या नहीं है।

4) भाषा और लिपि दोनों क्यों अभिन्न नहीं हैं? (2 अंक)

5 लिखित भाषा क्यों महत्वपूर्ण है? (2 अंक)

## खंड ख( व्यावहारिक व्याकरण) (अंक 16)

प्रश्न 3 )कोई दो विलोम शब्द लिखिए (2 अंक)

1) अमृत 2) खुशबू 3) यश

प्रश्न 4 )कोई दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (2 अंक)

1) धरती 2) समुद्र 3) सेवक

प्रश्न 5 ) कोई दो अनेकार्थी शब्द लिखिए (2 अंक)

1) अंबर 2) आम 3 )कल

प्रश्न 6 ) लिंग बदलिए (कोई 1) (1 अंक)

1) लड़का 2) गायक

प्रश्न 7 ) वचन बदलिए (कोई 1) (1 अंक)

1) गाड़ी 2) लड़का

प्रश्न 8) संधि पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई 2) (2 अंक)

1) पुस्तकालय (संधि विच्छेद कीजिए)
2) महा +उत्सव (संधि कीजिए)
3) नदीश (संधि विच्छेद करते हुए भेद बताइए)

प्रश्न 9 )समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई 2) (2 अंक)

1) मुझे सिरदर्द हो रहा है (समस्त पद ढूँढकर विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।)
2) गणेश जी को लंबोदर भी कहा जाता है।समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।
3) चार राहों का समूह (समस्त पद बनाकर नाम लिखिए)

प्रश्न 10 )अव्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 4) (4 अंक)

1)घोड़ा तेज दौड़ता है ( क्रियाविशेषण चुनकर लिखिए)
2) मेरे घर के सामने एक मंदिर है (संबंध बोधक अव्यय चुनकर लिखिए)
3) राम और श्याम कल गोवा जाने वाले हैं।(समुच्चय बोधक अव्यय चुनकर लिखिए।
4) सावधान!आगे खतरा है। (विस्मयादि बोधक का भेद बताइए।)
5) हर्ष सूचक विस्मयादि बोधक का एक वाक्य बनाइए।

## खंड ग (पाठयपुस्तक)

प्रश्न 11 )पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए -

16 वीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हार कर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी । उसे समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उसेसे यह लोट को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के 10 सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यार था, इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह इसी लोटे से वुजू करता था। सन 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है पर इसके बाद वह लापता हो गया।

1) उपर्युक्त कथा कौन किसको बता रहा है? (1 अंक)

क) पंडित बिलवासी अंग्रेज को
ख) लाला झाऊलाल अंग्रेज को
ग )लाल झाऊलाल बिलवासी जी को
घ )अंग्रेज बिलवासी जी को

2) बादशाह हुमायूँ किससे डरकर भागा था? (1 अंक)

क) औरंगजेब से
ख )शेरशाह से
ग )अहमद शाह से
घ) अकबर से

3 )लोटा किसे प्यारा था? (1 अंक)

क )अकबर को
ख) हुमायूं को
ग) शेरशाह सूरी को
घ) किसी को नहीं

4) कथन (A) तथा कारण (R )को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए - (1 अंक)

कथन (A) ब्राह्मण ने इसी लोटे से हुमायूं को पानी पिलाया था।
कारण (R) अकबर ने ब्राह्मण को 10 सोने के लोटे दिए।
क) कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।
ख )कारण R सही है लेकिन कथन A गलत है।
ग )कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।
घ) कथन A और कारण R दोनों सही है।

5 लोटा शाही घराने में कब तक था? (1 अंक)

क) 1957
ख) 1857
ग) 1457
घ )1657

प्रश्न 12 )गद्य पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (कोई तीन) (6 अंक)

1) जानसी क्या गिन रही थी और क्यों?
2) लाला लाजपतराय ईश्वर से भी अधिक किसे प्यार करते थे और क्यों?
3)अष्टावक्र का शरीर आठ जगह से टेढ़ा क्यों हो गया था?
4) नीलकंठ के रूप का वर्णन पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न 13) निम्न पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

आवत ही हर्षे नहीं, नैनन नहीं सनेह।
तुलसी तहां न जाइए,कंचन बरसे मेंह।।

1) हमें किसके घर नहीं जाना चाहिए ? (1 अंक)

क) जो अमीर हो
ख)जो गरीब हो
ग) जो हमें देखकर खुश न होता हो
घ) कोई नहीं

2) कंचन बरसना का क्या अर्थ है ? (1 अंक)

क) बहुत धनवान होना
ख) सोने की वर्षा होना
ग) पैसों की वर्षा होना
घ) क और ख

3) इस दोहे के रचयिता कौन है ? (1 अंक)

क) तुलसीदास
ख) सूरदास
ग) रामदास
घ) कबीरदास

4) कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए। (1 अंक)

कथन (A) हमें देखकर जिसे खुशी न होती हो उसके घर नहीं जाना चाहिए।

कारण (R ) वहाँ हम खुद को अपमानित महसूस करेंगे।

क) कथन A और कारण R दोनों सही हैं।

ख) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है।

ग) कथन A और कारण R दोनों गलत है।

घ) कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।

5) नैनन का क्या अर्थ है? (1 अंक)

क) दिल में ख) आँखों में

ग) मन में घ) घर में

प्रश्न 14) पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (6 अंक)

1 )कवि ने भारत को किन किन कारणों से महान बताया है?

2 )स्नेह शपथ इस कविता में कवि किसके लिए बेचैन हो उठता है?

3 )फूल को क्या हक मिलना चाहिए और क्यों?

4 )जहाँ स्वर्ण बरसता हो, वहाँ कब नहीं जाना चाहिए?

प्रश्न 15 )निम्न मूल्य पर प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए (कोई 1) (3 अंक)

1 )भारत की विशिष्टता को बनाए रखने के लिए आप क्या योगदान देंगे?

2) सीमा पर सैनिक बंदूक लेकर देश की सुरक्षा करते हैं।आप विद्यार्थी के रूप में देश की सुरक्षा किस प्रकार कर सकते हैं?

प्रश्न 16 )निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5 अंक)

1) रंगों का त्यौहार होली

संकेत बिंदु -

- प्रस्तावना,
- पौराणिक कथा,
- सामाजिक महत्व,
- उपसंहार

2) गणतंत्र दिवस

संकेत बिंदु

- भूमिका,
- विषय विस्तार,
- हमारा कर्तव्य,
- उपसंहार

3 )बढ़ती जनसंख्या: घटते साधन

संकेत बिंदु

- भूमिका,
- भारत की जनसंख्या,
- वृद्धि के कारण,बुरे प्रभाव,
- समाधान,उपसंहार

प्रश्न 17) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें सहपाठी के प्रशंसनीय और साहसपूर्ण व्यवहार के लिए उसे सम्मानित करने का अनुरोध किया गया हो | (5 अंक)

अथवा

विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 18) दो नागरिकों के मध्य समाज में बढ़ते हुए अपराधों को लेकर संवाद लिखिए। (5 अंक)

अथवा

आलू और भिंडी इन दो सब्जियों के बीच अपने गुणों को बताते हुए संवाद लिखिए।

प्रश्न 19) स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान को लेकर एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5 अंक)

अथवा

आपके पिताजी ने बच्चों के स्कूल बैग बनाने की एक फैक्ट्री खोली है ।इसके लिए सुंदर सा विज्ञापन बनाइए।

प्रश्न 20) दिए गए चित्र को देखकर लगभग 80 से 100 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए। (5 अंक)



*********** शुभकामनाएँ **********